## खबर संक्षेप

### सिलौंडी में नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सिलौंडी।** सिलौंडी में नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय, जनपद पंचायत सदस्य माधुरी रवि अवस्थी ,जितेंद्र साहू, संतोष काछी ने फीता कटकर किया है । रामबाग स्टेडियम में नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में रोज 8 _8 ओवर के तीन मैच होगे । आज उद्घाटन मैच बघराजी और रजग्वा के बीच खेला गया । रजवा की पूरी टीम आठ ओवर में 55 रन ही बना सकी । जवाब में कुण्डम की टीम ने 56 रन बनाकर मैच जीत लिया । इस अवसर में सौरभ सेन ,प्रवीण काछी आतरसूमा, श्रवण अवस्थी ,राजा दाहिया,लकी जैन , धीरज जैन, संजय यादव , सुमित साहू सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही ।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत युवा कर सकते है आवेदन

**कटनी।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत ऐसे युवा पात्र हैं, जिनकी आयु 21 से 24 वर्ष के मध्य हैं। जिनकी शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वी या उससे उच्च हैं, तथा वे किसी भी प्रकार के रोजगार एवं शिक्षा में संलग्न नहीं हैं। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को राशि रू. 5000 प्रतिमाह स्टाईपेण्ड एवं इंटर्नशिप प्रारंभ होने पर एकमुश्त राशि रू. 6000 प्राप्त होगी। इंटर्नशिप की अवधि 12 माह होगी। पंजीयन एवं आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी हैं, जिसमें आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 हैं। पात्र युवा पर पंजीयन एवं आवेदन कर सकते हैं।

### अलग अलग हादसों में दो युवकों की मौत

**कटनी।** उमरियापान एवं बड़वारा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना क्षेत्र के देवरी हटाई से बड़वारा जाने वाले मार्ग पर पत्थर लोड ट्रक क्रमांक एमपी 21 एच 5813 ने करीब साढ़े बारह बजे एक युवक को मोटर साइकिल सहित कुचल दिया। इस हादसे में घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि युवक सिद्धार्थ कोरी 25 निवासी देवरी हटाई को कुचल दिया। इसी तरह उमरियापान से सिहोरा रोड पर धनवाही और मंगेली के बीच अंधे मोड़ पर बोलेरो ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक दुर्गेश पटेल पिता मनोज पटेल निवासी ग्राम मटवारा थाना स्लीमनाबाद की घटना स्थल पर मौत हो गई। हादसे में राजा बर्मन, राजा पटेल को चोट आई हैं। इनका इलाज किया जा रहा है। घटना दोपहर करीब 1 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही उमरियापान थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर शव पीएम के लिए उमरियापान अस्पताल भेजा। हादसे के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### सतना से गायब चार छात्राएं कटनी स्टेशन में मिली

**कटनी।** पड़ोसी सतना जिले की चार छात्राएं जो घर से बिना बताये गायब हो गई थी वे चारों कटनी स्टेशन के बाहर दिखाई दी। बताया जाता है कि सतना में सुसाइड नोट लिखकर घर से निकलीं छात्राएं देर रात कटनी स्टेशन के बाहर मिलीं। जानकारी मिलने पर सतना से पुलिस की एक टीम उन्हें लेने के लिए कटनी रवाना हुई है। मामला सतना जिले के टिकुरिया टोला इलाके का है। बताया जा रहा है कि 8वीं कक्षा की 4 छात्राएं शनिवार को टिकुरिया टोला स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में एग्जाम देने आई थीं। इनका दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक सामाजिक विज्ञान विषय का पेपर था। पेपर देने के बाद से उनका कोई पता नहीं चल पा रहा था। सभी की उम्र लगभग 13 वर्ष है। इनमें से एक छात्रा के घर से सुसाइड नोट मिला था। जिसमें लिखा था कि मैं मरने जा रही हूं। परिजन की शिकायत के बाद पुलिस छात्राओं की तलाश में जुटी थी। बहरहाल छात्राओं के मिलने पर पुलिस कटनी पहुंची। छात्राओं को दस्तयाब करने के बाद पुलिस उनके पूछताछ करने के बाद भी किसी नतीजे पर पहुंचेगी।

### कटनी पहुंचे मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से कटनी के औद्योगिक विकास पर किया खुला संवाद, होगी इंडस्ट्री कान्क्लेव

# कटनी में औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि राज्य मे औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर और अनूकूल वातावरण है। राज्य सरकार प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधन और संभावनाओं को देखते हुए कटनी सहित 10 अलग- अलग जिलों मे इंडस्ट्री कान्क्लेव का आयोजन करेगी। कटनी जिला औद्योगिक निवेश की दृष्टि से संभावनाओं वाला जिला है। कटनी में उद्योग एवं निवेश को बढावा देने से रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर सृजित होंगे। ऐसे में कटनी मे निकट भविष्य में शीध्र ही मिनरल एंड माईनिंग और फूड प्रोसेसिंग के संबंध में इंडस्ट्री कान्क्लेव आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री नें यह बात रविवार को कटनी जिले में औद्योगिक विकास के संबंध मे उद्योगपतियों से संवाद के दौरान कही।

इस दौरान सांसद शहड़ोल हिमाद्री सिंह, विधायक मुड़वारा संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पांण्डे, विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी मंचासीन रहे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देनें के लिए वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया गया है। इसके तहत पूरे वर्ष प्रदेश में औद्योगिक विकास को लेकर एक मिशन के तौर पर प्रयास किये जाएगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके तहत माईनिंग मिनरल, फूड प्रोसेसिंग जैसी जिस प्रकार की, जिस स्थान पर संभावनाएं उपलब्ध होंगी ,प्रदेश के उन 10 अलग- अलग जगहों मे इंडस्ट्री कान्क्लेव का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआत सबसे पहले इंदौर से आई.टी, सेमीकंडक्टर व आर्टिफीशियल इंजीनियरिंग पर केनद्रित इंडस्ट्री कान्क्लेव और फिर उज्जैन में पर्यटन विशेषकर धार्मिक पर्यटन और फूड प्रोसेसिंग के मद्देनजर इंडस्ट्री कान्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद अन्य स्थानों में भी इंडस्ट्री कान्क्लेव आयोजित होगी।

#### मुख्यमंत्री ने ये कहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कटनी मे माईनिंग एवं मिनरल्स, फूड प्रोसेसिंग, चूना उद्योग, मार्बल उद्योग, के नजरिये से औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गो की बेहतरी के लिए कदम से कदम मिलाकर चल रही है। मध्यप्रदेश में औद्योागिक निवेश के नजरिए से सभी प्रकार की अनुकूलता है। राज्य में अलग- अलग प्रकार की प्रतिभा परिस्थिति व संभावना है। इसके मद्देनजर मध्यप्रदेश अपने रणनीतिक प्रयासों से औद्योगिक विकास के नये युग की ओर अग्रसर है।

#### उद्योगपतियों को दें जानकारी

मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से जनसंवाद के दौरान ही संभागायुक्त जबलपुर अभय वर्मा एवं कलेक्टर कटनी दिलीप कुमार यादव से कहा कि वे उद्योगपतियों के हित व औद्योगिक विकास के नजरिए से शासन की सभी 18 प्रकार की नीतियों और उद्योग की स्थापना में मिलने वाले लाभों की जानकारी उद्योगपतियों को उपलब्ध कराएं।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जनसंवाद के दौरान उद्योगपतियों से पूछा कि कटनी में सबसे पहला कारखाना, उद्योग कब स्थापित हुआ इस पर उद्योगपतियों ने बताया कि वर्ष 1914 में कटनी में ए.सी.सी प्लांट की स्थापना हुई थी तथा 1966 में औद्योगिक क्षेत्र बरगवां का गठन किया गया था।

इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उद्योगपतियों से संवाद कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। इसके पश्चात उद्योगपतियों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। जिला प्रशासन नें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को एक जिला एक उत्पाद के तहत चयनित कटनी सेंड स्टोन से निर्मित अशोक स्तंभ की प्रतिकृति प्रदान किया। वहीं उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को भगवान पिंड गणेश की प्रतिमा भेंट की।

बैठक मे संभागायुक्त जबलपुर अभय वर्मा, आई.जी अनिल सिंह कुशवाह, डी.आई.जी अतुल सिंह, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, एस.डीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, सहित उद्योगपति पवन मित्तल, अरविंद गुगालिया, लघु उद्योग भारती के महामंत्री अरूण कुमार सोनी के अलावा माइनिंग एंड मिनरल्स, हेल्थ, एजुकेशन, दाल एवं राईस मिल, होटल व्यवसाय से संबंधित उद्योगपतियों की मौजूदगी रहीं।

### मासांत तक किसानों के पंजीयन का भी होगा कार्य

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए बनाए गए 85 केन्द्र, 17 मार्च से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव नें निर्देशित किया है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के गेंहू उपार्जन की अवधि के दौरान उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए सभी पर्याप्त सुविधाएं होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर उपार्जन कार्य से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री यादव ने समर्थन मूल्य पर गेंहू सहित अन्य फसलों के उपार्जन हेतु राज्य शासन की उपार्जन नीति में समाहित निर्देशों के पालन की समीक्षा बैठक के दौरान दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य से संबद्ध अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में 17 मार्च से 5 मई तक गेहूं खरीदी का कार्य उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किया जाना है। इसकी समुचित तैयारी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 31 मार्च तक समर्थन मूल्य पर गेहूं की ब्रिकी करने वाले किसानों का पंजीयन कार्य भी सतत रूप से जारी रखा जाये। समूची प्रक्रिया में यह विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए कि अन्नदाता किसानों को किसी भी हाल में किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी न हो।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि उपार्जन कार्य शुरू होने के पहले ही उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए छाया की सुविधा के लिए शेड लगवाए जाए तथा पीने के पानी, प्रतीक्षा कक्ष, तौल कांटा, किसानों के बैठने के लिए दरियां, टेबिल कुर्सी तथा शौचालय आदि का भी प्रबंध पूर्ण कर लें। इसके अलावा समिति स्तर पर बिजली की सुविधा इंटरनेट कनेक्शन, इलेक्ट्रॉनिक उपर्जन उपकरण तथा किसानों को जानकारी देने के लिए सूचना पटल की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों को सहजता से उपार्जन संबंधी जानकारी प्रदर्शित की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी की न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता लाएं ताकि गेहूं खरीदी केन्द्रों तक अधिकतम पंजीकृत किसान अपनी फसल लेकर पहुंच सके।

उल्लेखनीय है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जिले में 85 खरीदी के केंद्र बनाए गए थे। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये घोषित किया गया है।

### कटनी आगमन पर मुख्यमंत्री का किया आत्मीय स्वागत



मुख्यमंत्री डॉ. यादव का शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल मुड़वारा,प्रणय प्रभात पांडेय बहोरीबंद और धीरेन्द्र बहादुर सिंह बडवारा एवं महापौर श्रीमती प्रीति सूरी और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा व नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यहां हेलीपैड पर संभागायुक्त जबलपुर अभय वर्मा, आई जी अनिल सिंह कुशवाह, डीईजी अतुल सिंह, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और एसपी अभिजीत रंजन ने गुलदस्ता भेंट कर अगवानी की। इसके अलावा जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम सहित जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री डॉ.यादव का स्वागत किया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में जिवारा बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़



वन परिक्षेत्र के अंतर्गत अग्नि सुरक्षा वन्य प्राणी सुरक्षा हेतु जन जागरूकता के लिए ग्राम वन समितियां के अंतर्गत विजयराघवगढ़ के बंजारी खेल मैदान में क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता 1 एवं 2 मार्च को आयोजित किया गया। 1 मार्च को खेले गए क्रिकेट टीमों में 8 टीमों द्वारा आकर्षक प्रदर्शन किया गया जिसमें विजेता टीम जिवारा, कैमोर, चोरी एवं पिपरा रही। सेमी फाइनल में 2 मार्च को जिवारा एवं कैमोर के बीच फाइनल मैच खेला गया।

समापन अवसर पर अतिथि पंडित जागेश्वर प्रसाद मिश्रा, हंसराज सिंह एवं डीएफओ सुंदरम निवेदन की उपस्थिति में खेला गया जिसमें दोनों टीमों द्वारा प्रदर्शन करते हुए जिवारा 18 रनों से विजेता टीम बनी एवं कैमोर उप विजेता टीम बनी। मैन ऑफ द मैच प्रवीण कुमार एवं मैन ऑफ द सीरीज सत्येंद्र कुमार को पुरस्कार दिया गया। जिवारा कप्तान विवेक मिश्रा कैमोर के कप्तान आशीष कुमार द्वारा अपनी अपनी टीमों के साथ विजेता एवं उप विजेता की ट्रॉफी प्राप्त की। इस अवसर पर आरएन भट्ट, रामेश्वर तिवारी, रमेश कुशवाहा, मोहम्मद खालिद, बलभद्र दुबे, दुर्गा दुबे, जेपी पांडे, संदीप सिंह बहेलिया, सुनीता गोटिया, राकेश तिवारी, मनोज सिंह, चंद्रकांत वर्मा, राजेंद्र पाठक सहित विजयराघवगढ़ के वन विभाग की उपस्थिति रही।

### स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लिंगरी में हुई वारदात

## खेत में तकवारी कर रही महिला की निर्मम हत्या से क्षेत्र में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खेत की रखवारी कर रही महिला की रक्तरंजित लाश पाए जाने से हड़कंप मच गया। वारदात स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लिंगरी में हुई। महिला की हत्या कर आरोपी चंपत हो गया है। घटना की जानकारी लगते ही स्लीमनाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। महिला के शव को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही पुलिस के द्वारा शुरू कर दी गई है।

#### जांच में जुटी पुलिस



जानकारी के अनुसार ग्राम डुंगरिया निवासी कोमल कोल अपनी पत्नी शिवकुमारी कोल के साथ ग्राम लिंगरी में बलवीर सिंह के खेत में रखवारी करने का काम करता था। शुकवार की शाम पति कोमल कोल अपने घर डुंगरिया गया हुआ था और रात ज्यादा होने के बाद वह वहीं पर रुक गया। यहां लिंगरी में उनकी पत्नी अकेली थी। शनिवार की दोपहर जब वह वापस लौटा तो उसकी पत्नी की रक्तरंजित लाश मिली। उसने तत्काल खेत मालिक को सूचना दी। खबर मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव बरामद करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी गई है। महिला की हत्या किन कारणों से हुई फिलहाल इस संबंध में किसी को कोई जानकारी नहीं हैं. पुलिस मामले का जांच कर रही हैं।

बताया जाता है कि महिला के शरीर पर कपड़े नहीं थे, महिला के सिर पर चोट के निशान थे। पुलिस का अंदाजा है कि कुल्हाड़ी या फावड़ा के पीछे हिस्से से हमला किया गया है।

### शिक्षा के साथ स्व रोजगार स्थापित करने के लिए नवाचार

## विद्यार्थियों को फसल अवशेष प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया।

यह प्रशिक्षण प्रचार्या डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ प्रीति नेगी के सहयोग से दिया जा रहा है। फसल अवशेष प्रबंधन के अंतर्गत जानकारी दी गई कि विभिन्न फसलों की कटाई के बाद विभिन्न फसलों की कटाई के बाद बचे हुए डंठल तथा गहाई के बाद बचे हुए पुआल भूसा डंठल तथा जमीन पर पड़ी हुई पत्तियों आदि को फसल अवशेष कहा जाता है। फसल अवशेष जलाने के कारण मृदा के तापमान में वृद्धि मृदा सतह कठोर मृदा की जलधारण क्षमता में कमी एवं रासायनिक गुणों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है लाभदायक मित्र कीट एवं सूक्ष्मजीवों की संख्या में गिरावट आती है मुख्य पोषक तत्व नाइट्रोजन फास्फोरस एवं पोटाश की उपलब्धता में कमी हो जाती है मृदा क्षरण के कारण पोषक तत्वों से भरपूर मृदा की ऊपरी सतह प्रभावित होने से भूमि की उर्वरा शक्ति घट जाती है।

फसल अवशेष जलाने से वायु प्रदूषण का मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है मनुष्यों में श्वास से संबंधित बीमारी अस्थमा फेफड़ों से संबंधित बीमारी तथा कैंसर एवं पराली जलाने से पर्यावरण मेंकार्बन मोनोऑक्साइड सल्फर डाइऑक्साइड नाइट्रोजन ऑक्साइड एवं अन्य हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होने के कारण आंखों में जलन रहती है इस दौरान चर्म रोग की शिकायत भी बढ़ जाती है। यह वैश्विक ताप ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाता है फसल अवशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत फसल कटाई के पश्चात रोटावेटर से जुटाई करके पानी लगा देने से फसल अवशेष मिट्टी में गल जाते हैं जिससे खाद बनती है गेहूं की कटाई के बाद जीरो टिलेज मशीन या हैप्पी सीडर से मूंग ढेंचा की बुवाई करके तथा धान की कटाई के बाद गेहूं की जीरो टिलेज तकनीक से बुवाई करके फसल अवशेष प्रबंधन किया जा सकता है फसल अवशेषों को पलवार। मल्च के रूप में विभिन्न फसलों में प्रयोग करके खरपतवार नियंत्रण मृदा की जलधारणक्षमता में वृद्धि मिट्टी के कटाव में कमी तथा भूमि की उर्वरक शक्ति में सुधार के लिए उपयोग किया जाता है।

## दो दिवसीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल मेले में सहभागिता करने विभाग प्रमुखों को निर्देश

### 10 एवं 11 मार्च को जबलपुर में आयोजित होगा मिलेट्स फूड फेस्टिवल की मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मिलेट्स आधारित उत्पादों को उपभोक्ताओं के बीच में बाजार की उपलब्धता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जवाहर लाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर परिसर में 10 एवं 11 मार्च 2025 को संभाग स्तरीय मिलेट्स फूड फेस्टिवलमेला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस मेले में प्रतिदिन लगभग पांच हजार कृषक भाग लेगे एवं शासकीय, अर्द्ध शासकीय, निजी एफ.पी.ओ., एन.जी.ओ. के स्टॉल लगाए जाएंगे।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, वन मंडल अधिकारी, उप संचालक, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग, सहायक संचालक मत्स्य पालन विभाग, जिला प्रबंधक नाबार्ड, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौध,सहायक कृषि यंत्री ,जिला प्रबंधक म.प्र. राज्य ग्रामीण विकास आजीविका मिशन,जिला प्रबंधक दुग्ध संघ डेयरी तथा संचालक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी कृषक उत्पादक संगठन व एनजीओ को पत्र प्रेषित कर अपने स्तर से विभागीय गतिविधियों के प्रचार-प्रसार हेतु स्टॉल लगाकर प्रदर्शन करते हुए कृषकों, हितग्राहियों को मेले में सहभागिता हेतु प्रेरित करने हेतु कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह मेला 2025 के आयोजन का उद्देश्य मिलेट्स उत्पादन की एक मजबूत और व्यवहार्य मूल्य श्रृंखला विकसित करना, मिलेट्स से नवीन खाद्य उत्पादों की श्रृंखला विकसित कर ष्न्यूट्रिसेरियल्सष के रूप में बढ़ावा देना, पोषण, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि जैसे मिलेट्स -आधारित क्षेत्रों में उचित सहयोग को बढ़ावा देना, प्रसंस्करण, भंडारण और संरक्षण के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना तथा खाद्य वितरण प्रणाली को समाज के सबसे अमीर से लेकर गरीब और जरूरतमंद तबके तक पौष्टिक भोजन पहुंचना है।

## खबर संक्षेप

### तीन व्यक्तियों ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कटनी।** कुठला, रीठी एवं स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में तीन व्यक्तियों ने फांसी लगा ली। जानकारी के अनुसार स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत भूला गांव में एक प्रौढ़ का शव पेड़ पर लटका मिला। ग्रामीणों ने इस बात की सूचना स्लीमनाबाद पुलिस को दी। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मन्नू पिता शिब्बू भुमिया निवासी भूला 55 पिछले 6 दिन से लापता था। वह खेत में तकवारी करने के लिए गया था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने खूब तलाश की लेकिन उसका पता नहीं मिला। इसके बाद मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट स्लीमनाबाद थाने में दर्ज करवाई गई। गत दिवस उसका शव गांव के नाले के पास हर्रा के पेड़ से लटका मिला। मामले को पुलिस ने संदिग्ध मानते हुए मामले की जांच शुरू की है। परिजनों ने भी इस संबंध में हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने कहा कि प्रत्येक पहलुओं की जांच की जाएगी। इसी तरह कुठला थाना के ग्राम दलीपुर निवासी मनीष भुमिया ने घर पर फंदा तैयार कर उसमें लटकर आत्महत्या कर ली। वहीं रीठी थानांतर्गत ग्राम करहिया में बबलू यादव ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पुलिस को यह जानकारी नहीं लगी है कि मृतकों ने उक्त कदम किन कारणोंवश उठाया है। उनके द्वारा विवेचना की जा रही है। पुलिस ने बताया कि परिजनों के बयान लिए जाएंगे।

### लूट के शिकार युवक के साथ की गई मारपीट

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में लूट का शिकार हुए एक युवक ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। युवक ने पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन दिया है। पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया है कि स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के खेरवा मोड़ पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने किराने की दुकान चला रहे उसके भाई के साथ कट्टा अड़ाकर लूट की। पीड़ित के भाई ने जब इस बात की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार किया। ये आरोप पीड़ित ने एसपी को की गई शिकायत में लगाए हैं। आवेदन में पीड़ित अमित साहू ने बताया कि उसके भाई की खिरवा मोड़ पर किराना दुकान है। 25 फरवरी को भाई किराना दुकान पर बैठा था। इस दौरान 6 नकाबपोश बदमाश आए और कट्टा और चाकू अड़ाकर मोबाइल सहित 12 हजार रुपये नकद लूट कर ले गए। मैंने अपने भाई के फोन से डायल 100 वाहन को सूचना दी तो थाने के एक एएसआई आए। मैंने लूट की जानकारी दी तो वो मुझसे ही गाली गलौज करने लगे और गाड़ी में बैठाकर थाने ले गए। थाने में रात एक बजे तक भूखा प्यासा बैठाए रखा और रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की।

### सट्टा पर्ची काटते तीन सटोरिये पकड़ाए

**कटनी।** सट्टा पर्ची काट रहे सटोरिया को स्लीमनाबाद पुलिस ने पकड़ा है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पौनिया पिपरीया तिराहा सैलारपुर में सट्टी पट्टी लिखते हुए धनी सिहं निवासी ग्राम सैलारपुर को पकड़ा है। उसके पास से अंक लिखी सट्टा पट्टी व नकदी 270 रुपए जब्त किए। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने गत रात गोल बाजार राम लीला मैदान से सुरेन्द्र पटवा निवासी चंदी की दफाई बरगवाँ को एक नग सट्टा पर्ची व नकदी 170 रुपए एवं रात के समय ही दूसरी टीम ने लक्ष्मी धर्मशाला के पास मेन रोड से अशोक साहू निवासी चंदी की दफाई बरगवाँ को एक सट्टा पट्टी लिखते हुए तथा नकदी 250 रुपए के साथ पकड़ा है। तीनों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### मासूम बालक ने किया कीटनाशक का सेवन

**कटनी।** एक मासूम ने खेलते-खेलते कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसके बाद उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की है। पिता पंकज चक्रवर्ती ने बताया कि उनके बेटे राज ने घर में खेलते समय कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जब उन्हें इसकी जानकारी मिली, तो वे उसे जिला अस्पताल ले आए यहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सक मासूम के इलाज में लगे हैं।

---

विजयराघवगढ़ तहसील के कारीतलाई में बिखरी पड़ी कल्चुरीकालीन प्रतिमाएं, सहेजने के लिए गंभीर नहीं जिम्मेदार

# उपेक्षा की शिकार ऐतिहासिक धरोहरें, धीरे धीरे मिट रहा अस्तित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी









जिले के विजयराघवगढ़ क्षेत्र में पुरातात्विक महत्व वाली धरोहरो का प्रचुर भंडार है। विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र के कल्चुरीकालीन कर्णपुरा नाम का ग्राम है। यही विष्णू बाराह की अदभुत प्राचीन कला से परिपूर्ण प्रतिमा स्थापित है। यही मंदिरो के अनेक ध्वंशावशेष बिखरे पड़े है। बिखरी पड़ी पुरातात्विक संपदा अंचल के इस कर्णपुरा गांव के किसी समय बड़े नगर व राजधानी होने की गवाही देते है। सहस्त्रो खुदाव के खंबे और हजारों की तादाद में बिखरी मूर्तियां के साथ ही द्वारो और दीवारो पर गढ़वा पत्थर इत्यादि यहां की शिल्पकला के अदभुत प्रमाण है। यहां वैष्णव, शैव, शाक्त एवं बराह अवतारों के अलावा बौद्व, जैन, सम्प्रदाय की खंडित मूर्तियों के अलावा आसपास नौ अवतारों की खंडित मूर्तियां हजारों की संख्या में बिखरी पड़ी है। यहां वामन अवतार की छोटी छोटी मूर्तियां खंडहरो में आज भी भरी पड़ी है।

### कल्चुरीकाल में हुआ था विकास

कारीतलाई के पाठशाला में कच्छ मच्छ की मूर्तियां अदभुत कला से परिपूर्ण पाठशाला की द्वार रक्षा कर रही है। कारीतलाई में ही कालीदाई की मढ़िया है जिसमें अनेक गढ़वा मूर्तियां स्थित है। यही दो शिलालेख भी अंकित है जो कि अति प्राचीन लिपि होने के कारण आज तक लिपि की व्याख्या पुरातत्व के जानकार भी नही कर पाये। विष्णू बाराह का मंदिर कल्चुरी महाराजा लक्ष्मण के मंत्री भट्ठ सोमेश्वर दीक्षित ने बनवाया था। राजा एवं रानी ने अनेक ग्राम अर्थात दीर्घकालिक चकदही, छल्लि पाटक, अन्नपाट और बट वतर्तित। कारीतलाई से सात मील दूर मील पर चकदत्रकही का एक गांव अब वीरान हो चुका है।

### सुरक्षा, संरक्षण में अनदेखी

कर्णपुरा कारीतलाई के बीते वैभव की झलक हमें आज इस भूमि पर खंडित पाषाण मूर्तियों से प्राप्त होती है। इस भूमि पर इस कला ने कितना आदर पाया और उसका कितना विकास हुआ यह बात पुरातत्व विशेषज्ञो से छिपी नही है। कुछ वर्ष पूर्व यहां से ग्यारह दुर्लभ मूर्तियों के म्यूजियम हाल से चोरी जाने के बाद पुरातत्व विभाग इस अनूठे एवं दुर्लभ संग्रहालय की सुरक्षा व मूर्तियों के संरक्षण में कोई विशेष ध्यान नही दे रहा है। स्थानीय लोगो द्वारा कई बार मांग की जा चुकी है कि कर्णपुरा के पुरावशेषो के संरक्षण के लिये शासन का ध्यानाकर्षण कराते हुये यहां पर्याप्त सुरक्षा मूर्तियों के रखरखाव के साथ विष्णू बाराह स्थल के समीप पुरात्ववेत्ताओं की देखरेख में वृहद उत्खनन कराया जाये।

### संग्रहालय बनाकर सहेजने के दिये थे निर्देश

जिले में पुरातत्व महत्व और ऐैतिहासिक, पर्यटन एवं स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित स्थलों को सूचीबद्ध कर सर्किट तैयार करने का निर्णय लिया गया था। इनमें प्रमुख रुप से विजयराघवगढ़ का किला, बिलहरी, रुपनाथ, रीठी मुहास, कारीतलाई, खितौली की वन सम्पदा, बसुधा वॉटर फॉल, करौंदी भू-मध्य रेखा मिड पॉइन्ट, जोगिया बाबा स्थल सहित कटाये घाट प्राचीन मंदिर और धार्मिक, सुरम्य वन सम्पदा के स्थलों के संबंध में चर्चा की गई थी। संग्रहालयाध्यक्ष ने जिले में यहां-वहां बिखरी पड़ी पुरातत्व महत्व के अवशेषों को संग्रहित करने जिले के एक स्थान पर संग्रहालय स्थापित करने की आवश्यकता जताई थी जिस पर पूर्व कलेक्टर सिंह ने एसडीएम को किसी रिक्त शासकीय भवन की उपलब्धता संग्रहालय के लिये कराने के निर्देश दिये थे।

### संरक्षित करने नहीं हो रहे प्रयास

कारीतलाई का विष्णूबाराह स्थल प्राचीन काल में वास्तु एवं मूर्ति शिल्पकला का सबसे बड़ा केन्द्र था। यहां पर कैमोरी गढ़वा पत्थर सरलता से मिलता था। जिसमें प्राचीनकाल के मूर्तिकारों ने मूर्ति शिल्प का सबसे बड़ा केन्द्र बनाकर यहां से मूर्तियों को पूरे देश में भेजने का काम करते थे। हजारों की संख्या में मूर्तियां देश के अनेक संग्रहालयों में भी स्थानातंरित किया जा चुका है एवं हजारों मूर्तियां यहां से चोरी छिपे बेची जा चुकी है। इस तरह पुरातावित्क महत्व के नजरिये यह एक अहम स्थल और यहां बिखरी पड़ी पुरातन संपदा को सहेजने का भी प्रयास नही हो रहा है। नतीजन पहचान पर ही संकट मंडरा है। रखरखाव के अभाव में यहां बिखरी पड़ी मूर्तियां खंडित होने के साथ ही गायब हो रही है। इस दिशा में कोई प्रयास नही किया जा रहा है।

---

सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के तहत हुआ आयोजन

# विद्यार्थियों से कहा संघर्ष से घबराना नहीं, आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग के नेतृत्व में आज ग्राम पिपरौध में छात्राओं ने रैली निकाली और गलियों में जाकर जमे हुए पानी को निकाला साफ सफाई का संदेश दिया। तत्पश्चात जिला चिकित्सालय से सीएमएचओ डॉक्टर आठया ने शिविर में उपस्थित होकर अपनी टीम के साथ छात्राओं का हीमोग्लोबिन चेक किया। क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सभी छात्रों का एक्स-रे स्वास्थ्य के प्रति समझाइए और एनएसएस के महत्व को उनके सामने रखा।

बौद्धिक सत्र में डॉ सुकृति जैन की उपस्थिति स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उन्होंने लाइफ जिंदगी को कैसे संचालित करें जीवन की सफलता और सफल जिंदगी पर बहुत ही सहज ढंग से अपने विचारों को व्यक्त किया विद्यार्थियों को जागरूक किया आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि संघर्ष से जीवन में घबराना नहीं चाहिए विभिन्न प्रकार की मुसीबत में भी अपना मार्ग बनाना चाहिए और ईश्वर निश्चित ही अपना मार्ग प्रशस्त करता है। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बाजपेई भी उपस्थित थे उन्होंने स्वयंसेवकों को योग और प्राणायाम के महत्व को समझाया और बताया साथ ही स्किल डेवलपमेंट के विभिन्न उपाय भी बताएं। डॉ बीके द्विवेदी ने भी विद्यार्थियों को कैसे सर्व करें किस तरह से लोगों को जागरूक करें इस पर अपने विचार व्यक्त किया।

जूलॉजी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर संगीता बसरानी ने भी नस के महत्व को विद्यार्थियों से साझा किया और जीवन में आगे बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गांव के सरपंच भी उपस्थित थे और उन्होंने भी विद्यार्थियों की सराहना की सभी समस्याओं से लड़ने की प्रेरणा दी।

---

## स्टेशन में अनाधिकृत रूप से बेंच रहे खाद्य सामग्री



मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर में अनाधिकृत रूप से खाद्य विक्रेता सक्रिय हैं। ये बिना किसी मेडिकल कार्ड और पुलिस वेरिफिकेशन के यात्रियों को खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। रेलवे नियमों के अनुसार, स्टेशन पर खाद्य सामग्री बेचने के लिए विक्रेताओं को तीन जरूरी दस्तावेज मेडिकल कार्ड, पहचान पत्र और पुलिस वेरिफिकेशन होना चाहिए, लेकिन कई विक्रेता सिर्फ आई कार्ड बनवाकर खुद को वैध बताते हैं। अनाधिकृत विक्रेता मुख्य रूप से सामान्य बोगी में रहते हैं। ये ना सिर्फ तय मूल्य से अधिक कीमत वसूलते हैं, बल्कि यात्रियों से अभद्र व्यवहार भी करते हैं।

---

# नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस में कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग के निर्देशन में छात्राओं ने पिपरौध ग्राम में जाकर रह वासियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता स्वास्थ्य नशा मुक्त जीवन व्यतीत करने के लिए लोगों को समझाइए साथही रह वासियों को यह भी समझाया कि हमें अपने घर का कचरा कचरा गाड़ी में डालना चाहिए रह वासियों ने दुख व्यक्त किया कि यहां कचरा गाड़ी नहीं आती है छात्राओं ने उन्हें जागरूक किया और कहा कि आप सभी लोग अपने घर के सामने बड़ा डस्टबिन रखें और उसमें ही कचरा डालें रहवासियों ने स्वयं सेवकों की इस बात की सराहना की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

स्वयंसेवक साक्षी सोनिया ने भी इस अवसर पर उपस्थित होकर स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया तथा नदिया न पिए कभी अपना जल वृक्ष न खाए कभी अपना फल गीत के माध्यम से समाज सेवा का भाव सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। तृतीय दिवस के बौद्धिक सत्र में डॉक्टर रितु त्रिपाठी और राजपाल उपस्थित थे डॉ रितु त्रिपाठी ने एनएसएस के बारे में बताया और अपने गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया विद्यार्थियों ने एन एस एस खेल खेल और शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

---

चना, मसूर एवं सरसो उपार्जन के लिए 10 मार्च तक पंजीयन

# पंजीयन नहीं कराने वाले किसानों को उपार्जन योजना का नहीं मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों की फसल उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य 10 मार्च तक कर सकते हैं। किसान चना,मसूर एवं सरसों के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए वेबसाइट जाकर पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा किसान अपनी फसल का पंजीयन ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों, सहकारी समितियों एवं सहकारी संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र और एमपी किसान एप आदि के माध्यम से पंजीयन निरूशुल्क कर सकते हैं। शासन द्वारा चना के लिए 5650 रुपये, मसूर के लिए 6700 रुपये एवं सरसों के लिए 5950 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि किसान के विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नंबर, बैंक खाता, मोबाइल नंबर में किसी प्रकार के परिवर्तन-संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज प्रमाण स्वरूप (जिनको देखकर पंजीयन किया जा सके) पंजीयन केन्द्र पर लाना होंगे। जिन किसानों द्वारा विगत रबी एवं खरीफ में पंजीयन नहीं कराया था एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर उनका डाटाबेस उपलब्ध नहीं है। ऐसे किसानों को समिति स्तर पर पंजीयन के लिए आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, मोबाइल नंबर एवं निर्धारित प्रारूप में आवेदन पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराना होगा। किसानों को भुगतान जीआईटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में किया जाएगा। इस कारण किसान पंजीयन में केवल राष्ट्रीयकृत एवं जिला केन्द्रीय बैंक की शाखाओं के एकल खाते ही मान्य होंगे। जन-धन, ऋण, नाबालिग, बन्द एवं अस्थाई रूप से रोके गए खाते (विगत 6 माह से क्रियाशील नहीं हों) आदि पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। किसान द्वारा बोई गई फसल की किस्म, रकबा तथा विक्रय योग्य मात्रा की जानकारी भी प्राप्त कर आवेदन में दर्ज की जायेगी। यदि कोई कृषक निर्धारित अंतिम 10 मार्च 2025 तक पंजीयन नहीं करवाएंगे तो शासन की उपार्जन योजनाओं के लाभ से वंचित रह जायेंगे।

जिले के किसानों से पंजीयन के लिए वांछित समस्त दस्तावेजों तथा अपने मोबाइल के साथ नजदीकी पंजीयन केन्द्रों पर तत्काल पहुंचकर अपनी फसल का पंजीयन कराने की अपील की गई है।

---

किसानों को अब पांच रुपये में मिलेगा बिजली का स्थाई कनेक्शन

# किसानों से समर्थन मूल्य पर 2600 रूपए में होगी गेहूं की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को अब 5 रुपये में बिजली का स्थाई कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। मध्य क्षेत्र को यह व्यवस्था तत्काल आरंभ करने के निर्देश देते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह किसानों की सरकार है। उनका जीवन बेहतर बनाने के लिए हर संभव कार्य किए जाएंगे। राज्य सरकार सोलर पंप के माध्यम से किसानों को बिजली उत्पादन में भी आत्म-निर्भर बनाएगी। अगले तीन वर्ष में किसानों को 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराकर, किसानों को बिजली बिल से मुक्ति दिलाएगी। प्रतिवर्ष 10-10 लाख कनेक्शन दिए जाएंगे। किसानों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही किसानों द्वारा सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली खरीद कर उन्हें नगद भुगतान किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान आभार सम्मेलन में मुख्यमंत्री निवास पहुंचे किसानों को संबोधित कर रहे थे।

### प्रति हेक्टे.4 हजार रूपए दी जाएगी प्रोत्साहन राशि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार सदैव किसानों के साथ है और उनके हित में निरंतर कार्य कर रही है। हम 2 हजार 600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद रहे हैं, इसमें 175 रुपये बोनस राशि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2003-04 में प्रदेश में गेहूँ खरीदी का सरकारी दाम मात्र 447 रुपए था जो राज्य सरकार ने बढ़ा कर 2 हजार 600 प्रति क्विंटल किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार वर्ष 2024 के लिये धान उपार्जन पर 4 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने जा रही है। उन्होंने कहा कि सोलर पंप के माध्यम से किसानों को स्थाई कनेक्शन भी दिए जाएंगे। हाल ही में अस्थाई कनेक्शन वाले डेढ़ लाख किसानों को स्थाई कनेक्शन दिलवाए गए हैं और इसकी राशि भी कम की गई है। तीन हॉर्स पॉवर वालों को सोलर पंप की 5% राशि, 5 से 7.50 हॉर्स पॉवर के लिए 10% राशि देना होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार का किसानों के प्रति प्रेम है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हर गरीब, जरूरतमंद के लिए मुफ्त अनाज की व्यवस्था की है। दो लाख करोड़ रुपए के व्यय से 100 करोड़ से अधिक लोगों को वर्ष 2028 तक अन्न देने की व्यवस्था की गई है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रत्येक गरीब का जीवन बेहतर बनाने के भाव का प्रकटीकरण और राम राज्य की अवधारणा को साकार करने का प्रयास है। प्रधानमंत्री मोदी किसानों को उनका हक दिला रहे हैं। यह हमारी सरकार की उदात्त भावना है।

### फसल चक्र में बदलाव का आव्हान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषकों से फसल चक्र में बदलाव का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धान के बदले में मूंगफली और प्राकृतिक फसलों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जैविक खेती से मध्यप्रदेश अपनी अलग पहचान स्थापित करें। उन्होंने कहा कि जीआईएस भोपाल में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश में उत्पादित कपास से क्रांति आने वाली है। किसान परिवार के व्यक्ति को रोजगार देने वाली टेक्सटाइल मिलों को 5 हजार रुपये का बोनस दिया जाएगा। कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। गेहूँ और धान पर दिए जा रहे प्रोत्साहन के समान ही दुग्ध उत्पादन पर भी प्रोत्साहन स्वरूप बोनस प्रदान किया जाएगा। दस से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान दिया जाएगा। गांव-गांव में गोपालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। गौ-शाला चलाने वालों को प्रति गाय 20 रुपये के स्थान पर 40 रुपये का अनुदान देकर गौ-शालाओं को सक्षम बनाया जाएगा। गौ-माता परमात्मा की हम पर असीम कृपा है। गौ-माता प्रकृति और परमात्मा के बीच संबंध का सूत्र है। बेसहारा, अशक्त और वृद्ध गौ-माताओं के आश्रय के लिए भोपाल सहित सभी बड़ी नगर निगमों में 10 हजार क्षमता की गौ-शालाएं बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले समय में उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत बीज और कृषि व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला स्तर पर कृषि मेले लगाए जाएंगे।

---

# रेल यात्रा के दौरान एक यात्री की थम गई सांसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**दानापुर एक्सप्रेस में घर वापस लौट रहा था यात्री पुलिस ने पीएम के लिए अस्पताल भेजा शव**

ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री की सफर के दौरान मौत हो गई। ट्रेन के कटनी पहुंचने पर जीआरपी पुलिस के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मर्ग कायम कर कार्यवाही की गई।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर 12:30 बजे ट्रेन नंबर 12150 दानापुर पुणे एक्सप्रेस के S1 कोच सीट नंबर 15 में सफ़र कर रहे पुणे महाराष्ट्र निवासी 74 वर्षीय चंद्रकांत हनुमंत माने अपनी पत्नी के साथ संत कृपा यात्रा कर घर लौट रहे थे कटनी स्टेशन के पास अचानक तबियत बिगड़ने से उनकी मौत हो गई।

यात्री की मौत की सूचना रेलवे विभाग को दी गई जिस पर जीआरपी पुलिस के द्वारा शव को ट्रेन से उतरवा कर जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है

### चारपहिया की टक्कर से युवक घायल

**कटनी।** बोलेरो वाहन की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बाकल थानांतर्गत गत शाम राजासलैया चौराहे के पहले सुरेन्द्र सिंह निवासी उमरधा थाना मझौली जिला जबलपुर को बोलेरो क्रमांक एमपी 20 जीबी. 3819 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से वाहन चलाकर टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

**खबर संक्षेप**

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दमोह

*सेवा भारती महाकौशल इकाई दमोह के तत्वाधान में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रामनगर पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे जबलपुर नाका बस्ती में संपन्न हुआ। जिसमें अपनी सेवाओं से जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विक्रांत सिंह चौहान एवं जिला अस्पताल से डॉ महेश ठाकुर जी ने अपनी सेवाओं से क्षेत्रवासियों को अनुग्रहित किया विशेष सहयोग क्षेत्र के सरपंच जयपाल यादव, रिंकू श्रीवास्तव, और सेवा भारती जिला दमोह के अध्यक्ष संदीप खरे का रहा। शिविर में ८० से ज्यादा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण और दवा वितरण किया गया। राष्ट्रीय सेवा भारती महाकौशल इकाई दमोह के सौजन्य से प्रत्येक माह में एक से दो बार ऐसा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि गरीब मलीन बस्ती के लोगों को समय से उचित परामर्श प्राप्त हो सके।*

### बच्चे कफ वाली खांसी, सर्दी, निमोनिया और डायरिया के हो रहे शिकार

# बदलते मौसम से सेहत का बिगड़ रहा मिजाज, मरीजों की तादाद में इजाफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

क्षेत्र का मौसम हर चार से पांच दिन बाद बदल रहा है, कभी तेज गर्मी तो कभी सुबह रात में ठंड इसका असर सबसे ज्यादा बच्चों पर पड़ रहा है बार-बार मौसम के बदलने के कारण बच्चों में सर्दी-खांसी और बुखार आ रहा है। ध्यान नहीं देने पर निमोनिया में बदल रहा है। बच्चों की श्वासनली सिकुड़ने से कफ जम रहा है इससे निमोनिया के मरीज बढ़े हैं।हटा सिविल अस्पताल में डॉक्टर्स को दिखाने आ रहे मरीजों में 65 प्रतिशत से अधिक मरीज सर्दी, खांसी और बुखार के हैं। वहीं प्राइवेट डॉक्टर्स के क्लीनिक पर भी बच्चों की भीड़ नजर आ रही है। सिविल अस्पताल के सीएमओ डॉ. यूएस पटेल ने बताया बार-बार मौसम में बदलाव के कारण वर्तमान समय में बच्चों में कफ वाली खांसी के केस बढ़ रहे हैं। बच्चों में वायरल निमोनिया हो रहा है। छोटे बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारी का एक प्रमुख कारण है। यह एक संक्रामक रोग भी है, जो एक से दूसरे में फैलता है। शुरुआत में हल्की सर्दी खांसी होती है, ध्यान नहीं देने पर ने वायरल निमोनिया हो जाता है। ऐसे में बच्चों को भर्ती भी करना पड़ रहा है। इस तरह बच्चों 5 को ठीक होने में 8 से 10 दिन तक लग रहे हैं।

### सलाह :- बीमार व्यक्तियों से बच्चों को दूर रखें

सिविल अस्पताल के डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि बार-बार मौसम के बदलने से वायरल के केस बढ़े है। ऐसे में छोटे बच्चों को सुबह और शाम के बाद बाहर निकालते समय सावधानी रखें, उन्हें कपड़ों से ढंककर रखें, शादी-पार्टी के खाने से बचाएं, किसी बड़े व्यक्ति को सर्दी-खांसी है तो उससे दूर रखें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। सर्दी, खांसी, जुकाम होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। डॉ. जैन ने बताया कि मौसम में बार-बार आ रहे बदलाव के कारण बच्चों में डायरिया और उल्टी के मामले बढ़े हैं। डायरिया से पीड़ित बच्चों को ठीक होने में 3 से 4 दिन लग रहे हैं। गर्मी के कारण परिजन बच्चों में खानपान का विशेष ध्यान रखें। थोड़ी सी लापरवाही के चलते बच्चे डायरिया और उल्टी की शिकायत देखने को मिल रही है। पानी हमेशा उबालकर ठंडा कर ही बच्चों को पिलाएं और ओआरएस घोल का भी दिन में चार-पांच बार उपयोग करें।

### ओपीडी में आने वाले मरीजों में 10 प्रतिशत बच्चे

सिविल अस्पताल हटा की ओपीडी में आम दिनों में अपेक्षा अब मौसम के बदलने से बच्चों की ओपीडी की संख्या में बढ़ोतरी हुई है इनमें अधिकांश बच्चे सर्दी, खांसी और बुखार के हैं। ध्यान नहीं देने पर श्वास नली के सिकुड़ने से बच्चों में निमोनिया के केस बढ़ रहे हैं। सिविल अस्पताल में बच्चों को भर्ती भी किया जा रहा है। संक्रामक रोग होने से बच्चे इसकी चपेट में तेजी से आ रहे हैं। हालात यह है कि अस्पताल की ओपीडी पिछले दो दिनों से बढ़कर लगभग दोगुनी पहुंच गई है। वहीं इससे पहले सामान्य दिनों में ओपीडी 200 के आसपास रहती है। बडे मरीजों में सर्दी, कफ वाली खांसी और बुखार और गले में दर्द हो रहा है।

## भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने ली संगठनात्मक बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में अति महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला प्रभारी सतानंद गौतम, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, हटा विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह मंचासीन रहें। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा ने नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों को उनके कर्तव्य, दायित्वों और आगामी भविष्य में संगठन द्वारा निर्धारित कार्यकमों, गतिविधियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की । उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि होता है। पद और दायित्व संगठन की दृष्टि से आवश्यक है परंतु कार्यकर्ता और पदाधिकारी एक दूसरे के पूरक है। इसलिए हम सभी को एक दूसरे के साथ कदम से कदम मिलाकर संगठन के कार्यक्रम करना है और संगठन को मजबूत रखना है। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि आपके मार्गदर्शन में संगठन के कार्यक्रमों की गतिविधियों का सफल संचालन हो रहा है। आप सभी का मार्गदर्शन हम सभी को अपार ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। मैं नेतृत्व को आश्वस्त करता हूँ कि जिले का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन और सरकार के प्रत्येक कार्यक्रमों को सफल बनायेगें। बैठक का संचालन हटा मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा और आभार प्रकट दमयंती मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेई ने किया। बैठक में जिले के सभी मंडलों के नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति रही।

### जै जै सरकार वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए



भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा ने श्री देव रामकौमार मंदिर, अजब धाम पहुँचकर महंत श्री राम अनुग्रह दास जी महाराज (छोटे सरकार) से आशीर्बाद लिया एवं 27 कुण्डीय महायज्ञ की पूर्णाहूति के अवसर पर सम्मिलित होकर धर्मलाभ अर्जित किया व भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर म.प्र.शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व पथरिया विधायक लखन पटेल, हटा विधायक श्रीमति उमादेवी लालचन्द्र खटीक, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला प्रभारी सतानंद गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार व पार्टी के देवतुल्य ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी ने भी धर्म लाभ अर्जित किया।

## स्वास्थ्य विभाग की ट्रेकिंग से इत्ता आदिवासी को मिला लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

हटा स्वास्थ्य विभाग की टीम जिले के अंतिम सीमा पर बसे गांव शिलापरी में इत्ता आदिवासी से मिलने पहुंची। मिलने का प्रमुख उद्देश्य इत्ता की स्वास्थ्य जांच था। क्योंकि इत्ता आदिवासी का दूसरा प्रसव था और वह हाई रिस्क गर्भवती में चिन्हित थी।इसके अलावा खून की कमी के चलते उसको चक्कर आना ओर अस्वस्थ्य रहना चिन्हित था। स्थानीय स्वास्थ्य टीम के अनुसार वह खून की कमी होने के बाद भी अस्पताल से दूरी बना रही थी। टीम में शामिल सीबीएमओ उमाशंकर पटेल और धिरा फाउंडेशन के धीरेन्द्र गर्ग ने देखा कि 9 वें महीने में मात्र 6 मिली ग्राम खून है जो प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा के लिए नुकसान दायक है। टीम द्वारा इत्ता आदिवासी को अस्पताल भेजने का निर्णय लिया गया। लेकिन इत्ता अस्पताल जाने से इनकार कर रही थी क्योंकि इत्ता के अलावा घर में कोई परिजन नहीं था जो घर का या उसके दो साल के बच्चे का ध्यान रखता। आर्थिक स्तर से अत्यंत कमजोर होने के चलते इत्ता आदिवासी का पति देहली रोजगार के लिए गया था और सास खेत में रहती है। टीम द्वारा रजपुरा आशा को इत्ता के साथ भेजकर विशेष सुविधा अंतर्गत बल्ड चढ़वाया गया ताकि वह समय से घर आ जाए। बल्ड चढ़ने के बाद इत्ता के हालत में सुधार हुआ और वह अब प्रसन्न है और दूसरा प्रसव अब अस्पताल में कराएगी की बात कह रही है। इसके अलावा इत्ता अब गांव में स्वास्थ्य विभाग की योजना का प्रचार प्रसार भी कर रही है। इत्ता आदिवासी ने बताया कि अब वह स्वस्थ है और समय आने पर अस्पताल में प्रसव हेतु जाएगी। बल्ड चढ़ने के बाद अब पूर्ण स्वस्थ है। गांव में सभी को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताऊंगी। इस संबंध सीबीएमओ ड्रॉ उमाशंकर पटेल ने बताया कि विकास खंड अंतर्गत हाइ रिस्क महिलाएं चिन्हित है जिनको स्वस्थ संबंधी योजनाओं का लाभ सहित जागरूक किया जा रहा है। ताकि वह लाभान्वित होने के साथ मिले फायदे से अन्य लोगों को अवगत कराए। इत्ता आदिवासी अब स्वस्थ है।

## श्री राम कथा में दिया मां-बाप की सेवा का संदेश



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर नगर की पिपरिया कॉलोनी में चल रही श्री राम कथा में कथा प्रवक्ता बटुकनाथ जी महाराज ने मां-बाप की सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मां-बाप की सेवा करना और उनका सम्मान करना हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। बटुकनाथ जी महाराज ने कहा कि हमारे शास्त्रों में मां-बाप की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया गया है। मां-बाप की सेवा करने से हमें कई प्रकार के लाभ होते हैं। यह हमें जीवन में सुख, संपत्ति और समृद्धि प्रदान करता है। उन्होंने भगवान राम के उदाहरण का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पिता की आज्ञा का पालन किया और 14 वर्षों तक वनवास में रहे। इसलिए, हमें भी अपने मां-बाप की सेवा करनी चाहिए और उनका सम्मान करना चाहिए। यह हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।

## यज्ञ में आहुति देने से होती हैं मनोकामना पूर्ण : ऋषिकांत गर्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

खमरिया तिराहा पर चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का हवन पूर्णाहुति के साथ हुआ विश्राम हो गया है कथा प्रवक्ता बालव्यास पं.ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने कहा की सनातन परंपरा में हवन अथवा यज्ञ एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके बिना अधिकांश मांगलिक कार्य पूर्ण नहीं होते हैं। किसी भी मांगलिक कार्य में शुद्धिकरण और भगवान के आह्वान के लिए हवन या यज्ञ आयोजित किया जाता है। हवन इत्यादि में प्रज्ज्वलित की जाने वाली अग्नि मनुष्य के जीवन में विशेष महत्त्व निभाते हैं और इसलिए इन्हें देवता के रूप में भी पूजा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हवन या यज्ञ के आयोजन से देवताओं को आहुति प्रदान की जाती है। जिससे वह प्रसन्न होकर साधकों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण कर देते हैं। कहा कि भक्त की साधना से खुश होकर भगवान रीझ जाते हैं। उन्होने कहा कि कलयुग केवल नाम अधारा सुमिर सुमिर नर उतरहि पारा। कलियुग में जीवन के सभी पापों से मुक्ति का एक मात्र आधार भगवान की भक्ति ही है। भगवान का नाम स्मरण करने से ही भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। भगवान नाम में भारी शक्ति है। उन्होंने व्रत उपासना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई ईश्वर किसी से भूखे पेट रहकर भक्ति करने को नहीं कहते हैं। मन पर नियंत्रण और नाम जाप ही इस जगत में पार लगाने के लिए काफी है इसलिए इस जीवन में भगवान के नाम का सहारा लेना चाहिए।

# सेक्टर स्तरीय बैठकों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा संचालित **RMNCH +A** कार्यक्रमों के अंतर्गत स्वास्थ्य गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर महोदय द्वारा दिए गए आदेश अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जैन एवं एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक बरोनिया के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय बैठकों का आयोजन क्रमश लुहारी,कुंडलपुर, कुम्हारी में किया गया। सेक्टर स्तर पर सी.एच.ओ.,ए एन एम,आशा सुपरवाइजर की समन्वय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सेक्टर मीटिंग के दौरान मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में पंजीयन, हाई रिस्क गर्भवती महिला जैसे हाई बीपी, गंभीर एनीमिक, जी. डी.एम.,जुड़वा बच्चे, कम वजन एवं पलायन करने वाली महिलाओं की जानकारी दी गई शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म के समय कम वजन,समय पूर्व जन्म,प्रसव पश्चात मां एवं नवजात शिशु की घर पर देखभाल( एचबीएन सी) एवं एच.बी. वाई.सी शिशु की घर पर देखभाल की विजिट इसके साथ शिशुओं का किए जा रहे वैक्सीनेशन में पूर्ण टीकाकरण की जानकारी,परिवारों में दस्तक अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की रिपोर्टिंग की। इसके साथ ही राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत अस्थाई एवं स्थाई साधनों के वितरण हेतु एफ.पी.एल.एम. आई एस के माध्यम से इन्वेंट करना एवं माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी आसान है। लक्ष्य दम्पति के लिए चयनित करना उन्हें एन.एस. व्ही. टी.बिना चीरा बिना टांका के किए जाने वाले ऑपरेशन के फायदे के बारे में बताया जाय हेतु एवं प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। निरोगी काया अभियान स्वास्थ्य का संकल्प,स्वस्थ जीवन का विकल्प इसके अंतर्गत 20 फरवरी से 30 मार्च 2025 तक जारी जिसके अंतर्गत 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों की डायबिटीज, रक्तचाप, फैटी लीवर, के संबंध में जानकारी दी गई। जिले के अंतर्गत 100 दिन निक्षय शिविर अभियान के संबंध में प्रचार प्रसार हेतु जिसमें मुख्य उद्देश्य पात्र हितग्राहियो को जो डायबिटीज मरीज,60 वर्ष से अधिक उम्र वाले,बीड़ी सिगरेट पीने वाले, स्मोकर,शराब का सेवन करने वाले 5 साल से टीवी के मरीज,2 वर्ष से टीवी मरीज के संपर्क में आए व्यक्ति,बीएमआई जिनका 18 से कम है बीड़ी कंपनी,धर्मशाला,श्रमिक मजदूर की टीवी स्क्रीनिंग एवं मुफ्त एक्स रे कराकर उनके इलाज के संबंध में जानकारी दी गई अंत में किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एनीमिया मुक्त भारत के अंतर्गत स्कूलों में वितरण की जा रहीआई.एफ. ए. अनुपुरण एवं उमंग केंद्र पर किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता हाइजीन के संबंध में जानकारी ली गई। ब्लॉक पटेरा के अंतर्गत सेक्टर मीटिंग में आयोजित सेक्टर मीटिंग में कुंडलपुर में सीबीएमओ डॉक्टर अशोक बरोनिया, डॉक्टर दीपेश सेक्टर अहिरवार मेडिकल ऑफिसर, डॉ.बसंत लोडकर कर लुहारी में बी.ई.ई.प्रमोद तंतुवाय, कुम्हारी में श्रीमती ममता गुप्ता द्वारा समीक्षा की गई इस दौरान कमोद अहिरवार सेक्टर सुपरवाइजर लुहारी, कुम्हारी में सेक्टर सुपरवाइजर राजू रजक, कमलेश गर्ग फार्मासिस्ट, समस्त सी. एच.ओ., ए.एन. एम. आशा सुपरवाइजर की उपस्थिति रही।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**बनवार।** भव्य एवं पारंपरिक वेश में रविवार से बगलवारा में श्री मद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा प्रवक्ता पंडित श्री आशीष कृष्ण जी एवं आचार्य पंडित गोविंद तिवारी के नेतृत्व में कस्बे के कथा आयोजन स्थल से पवित्र जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में पंडित श्री आशीष कृष्ण जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। शास्त्री ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। कथा का आयोजन श्रीमती खिम्मा बाई कलूसिंह लोधी परिवार द्वारा दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक करवाया जा रहा है।

## प्राचार्य ने छात्रा को दी स्कूटी



**तेंदूखेड़ा।** तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के तारादेही ग्राम में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2023-24 में ग्राम पौड़ी निवासी कु. अंजली लोधी पिता संतोष लोधी ने 71 प्रतिषत अंक प्राप्त कर उच्च स्थान प्राप्त करने पर मध्य प्रदेश शासन की लोकप्रिय निति के तहत शनिवार को स्कूटी प्रदान की गई और छात्रा को प्राचार्य द्वारा चाबी सौंपी गई विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा छात्रा को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। आपको बता दें कि सरकार की तरफ से स्कूटी की कीमत छात्रा के खाते में भेजी गई थी और उसके बाद फिर छात्रा द्वारा अपनी मनपसंद स्कूटी एजेंसी मे जाकर देखी जिसका भुगतान सरकार के द्वारा दिए गए पैसों से किया गया छात्रा अंजली लोधी को स्कूटी की चाबी मिलते ही चेहरे पर खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य एचएन मरावी, एफएल पटेल, डीपी धुर्वे, संगीता सरैया,, अनिल साहू, भाई लाल गौड. अतुल जैन. परसादी लाल. कु. अंजली अलावे. कु.वैष्णवी परस्ते. तुलसीराम रजक. उमाशंकर चैकसे. टीकाराम राय. साहब अहिरवार. नरेश अहिरवार. महेश अहिरवार. नीलेश विश्वकर्मा. प्रेम ठाकुर. सुदामा ठाकुर .दिव्या मान्दे .पूजा पांडे. शिल्पी जैन .रवि कुमारी जैन. अभिलाषा चैरसिया. कु. भारती यादव. सरोज अहिरवार .वीरचंद्र अहिरवार, नंदराम यादव. आभा लोधी. कालिका प्रसाद. सूरज प्रसाद. मुन्ना सिंह मौजूद रहे।

## हिण्डोरिया पेंथर क्लब को हराकर दमोह चेलेंजर क्लब सेमीफाइनल में पहुँचा

**हिण्डोरिया।** स्थानीय लंका के टीला मैदान पर आयोजित संभाग स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रथम क्वार्टर फाइनल मैच मे दमोह चेलेंजर क्लब ने पेन्थर क्लब हिण्डोरिया को संघर्ष पूर्ण 29 रनों से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैन ऑफ द मैच दमोह टीम के अभिषेक को दिया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दमोह चेलेंजर क्लब ने निर्धारित 12 ओवरों के मैच में 6 विकेट खोकर 212 रन बनाए।जिसमें राजू ने 40,अंकित ने 46 एवं खिज़र ने नाबाद 31 रन बनाये। जवाब में पैंथर क्लब हिण्डोरिया ने निर्धारित 12 ओवरों में 8 विकेट खोकर 173 रन बनाए। जिसमें पप्पू ने धुआंधार 77 एवं उदय ने 37 रनों का योगदान दिया । इस तरह हिण्डोरिया की टीम दमोह से 29 रनों से हारकर प्रतियोगिता बाहर हो गई। आज के मैच में बतौर अतिथि पार्षद गणेश सिंह, सुजात खान, अन्नू राजपूत, राम सिंह , टिक्कू सिंह मौजूद रहे। मैच में अंपायर प्रशांत राजपूत- रवि कुमार ,कॉमेंटेटर अरविंद- जीशान बादशाह- लखन मासाब स्कोरर एमएस शेरा रहे। प्रतियोगिता में मक्खन विश्वकर्मा, मौसम सिंह ,सतीश विश्वकर्मा, शिवम, एहसान खान, शंकर, बृजेश आदि का विशेष योगदान रहा।



**खबर संक्षेप**

## बिग बॉस फेम चाहत पांडे का दमोह में होगा भव्य स्वागत

**बनवार।** दमोह जिले की बेटी चाहत पांडे का बिग बॉस रियलिटी शो में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम निस्वार्थ सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें चाहत पांडे के स्वागत के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चाहत पांडे का जन्म 1 जून 1999 को मध्यप्रदेश के दमोह जिले के चंडी चौपरा गांव में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चंडी चौपरा गांव से ही की थी और बाद में मुंबई में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। चाहत पांडे ने कई टीवी शो में अपने अभिनय का प्रदर्शन किया है, उन्होंने बिग बॉस रियलिटी शो में भी अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीता है।

## कुत्तों को पकड़ कर स्टरलाइजेशन करने के बाद वापस छोड़ा जाएगा

**दमोह।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कुत्तों की समस्याओं के संबंध में एक एजेंसी तय हो गई है, टेंडर फ्लोट किया था, लाड़न बाग में ही ओ.टी. बनाने जा रहे हैं, कल से ही एजेंसी अपना काम शुरू कर देगी ताकि जनता को कोई दिक्कत ना हो और नियम अनुसार कुत्तों के काटने (डॉग वाइट) के प्रकरणों को कम किया जा सके और कुत्तों को पकड़ कर के यहां पर ऑपरेशन थिएटर जैसे कि माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है उसके अनुसार कुत्तों को पकड़ कर के स्टरलाइजेशन करने के बाद उनको वापस छोड़ दिया जाएगा।

## अपहरण का आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

**दमोह।** चौकी नरसिंहगढ़ क्षेत्र में शराब दुकान से हुए अपहरण के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में उल्लेखनी सफलता अर्जित की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 01.03.2025 को चौकी नरसिंहगढ़ क्षेत्र में स्थित एक शराब दुकान पर धर्मेंद्र लोधी अपने साथियों के साथ पहुंचा और दुकान संचालक से जबरन शराब मुफ्त में देने की मांग की। दुकान कर्मी द्वारा मना करने पर आरोपी ने अपहरण की घटना को अंजाम दिया। जिस पर थाना दमोह देहात में अपराध क्र. 165/2025 धारा 140(3), 142, 333, 115(1), 296, 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना दमोह देहात और चौकी नरसिंहगढ़ की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रकरण में अन्य आरोपी फरार है जो जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगें।

### मार्च में ही जलसंकट शुरू: पूरे गांव को नहीं मिला सतधरु योजना का लाभ, कागजों में संचालित हो रही योजना,

# गांवों में गहराने लगा जलसंकट, ग्रामीण दूरदराज से ला रहे पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

सरकार भले ये दवा कर रही है कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली पानी की समस्या का उनके द्वारा निराकरण किया गया है और नगर हो या ग्राम सभी जगह घर-घर तक पानी पहुंच रहा है, लेकिन ये दावा उस समय हकीकत माना जाएगा, जब नगरवासी व ग्रामीण खुद कहेंगे कि पानी मिल रहा है। तेंदूखेड़ा ब्लॉक के कई गांवों के लोग मार्च महीने में ही पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि योजना सिर्फ कागजों में सही चल रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है। बता दें कि तेंदूखेड़ा ब्लॉक में 100 से ज्यादा गांव आते हैं। इन गांवों में आधा सैकड़ा ऐसे गांव है, जहां हर वर्ष गर्मी शुरू होते ही जलसंकट की स्थिति बन जाती है। हालांकि इस समस्या से निपटने के सरकार द्वारा विभिन्न तरह की योजनाएं संचालित की जा रही है, लेकिन उसके बाद भी ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इन योजनाओं के तहत हैंडपंप, तालाब, नल जल योजना, सतधरू परियोजना आदि शामिल है। जिनके क्रियांवयन पर सरकार का हर साल लाखों रुपए खर्च हो रहा है, फिर पानी की किल्लत होना कहीं न कहीं कई सवाल खड़े कर रहा है।





### सतधरू योजना का नहीं मिल रहा लाभ

ग्रामीणों ने कहा कि वहीं दूसरी ओर हर घर कनेक्शन, हर घर पानी देने की योजना के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में शासन द्वारा सतधरू योजना के तहत पानी की टंकी बनाकर नल कनेक्शन दिए गए हैं और पानी देने की बात कही गई थी लेकिन आज भी पानी नहीं पहुंच पाया ना ही गांव में पाइपलाइन बिछाई गई है। अब ये योजना सिर्फ दिखावा बनकर रह गई है दरअसल नन्ही देवरी गांव जो खमरिया कला के आश्रित आता है इस गांव की आबादी 200 से250 के आसपास होगी और गांव में अभी तक सतधरु योजना की पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है ना ही लोगों के घरों में कनेक्शन किए गए हैं जबकि खमरिया कला ग्राम पंचायत के अन्य गांव में सभी जगह लोगों के घरों में कनेक्शन हो चुके हैं और पानी भी मिलने लगा है लेकिन इस गांव में सतधरु योजना के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण गांव के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं और गांव से 2 से 3 किलोमीटर दूर अन्य गांव में लोगों के खेतों में बने कुएं का पानी लाकर जीवनयापन कर रहे हैं नन्ही देवरी गांव के राजा गौड़ अमित गौड़ सज्जन गौड राहुल गौड़ कीर्ति बाई गौड़ तुलसा बाई गौड़ ने बताया कि वह अभी तो गर्मी की शुरुआत हुई है लेकिन 15 दिन बाद आसपास भी पानी नहीं मिलेगा फिर 5 से10 किलोमीटर दूर अन्य गांव से पानी की तलाश में जाना पड़ता है गांव के लोगों का कहना है हमारे गांव के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा भेदभाव किया जा रहा है जिसके कारण आज तक सतधरु योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा जबकि बाजू के गांव निजाम देवरी में लोगों के घरों में कनेक्शन होकर पानी भी मिलने लगा है जबकि यह गांव निजाम देवरी से2 किलोमीटर दूर स्थित है लेकिन यहां पर योजना का लाभ नहीं मिल रहा है ।

### मार्च महीने में ही भटकने लगे ग्रामवासी

तेंदूखेड़ा ब्लॉक में गर्मी की शुरुआत होते ही पेयजल संकट गहराने लगता है जहां शहर के लोगों को भी पानी के लिए परेशान होना पड़ता है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोग पीने के पानी के लिए अभी से यहां वहां भटकने लगे हैं सरकार द्वारा जिले में पानी की सुविधाओं के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की प्यास बुझाने में नाकाम साबित हो रही है ताजा मामला दमोह जिले की तेन्दूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत खमरिया कला के आश्रित ग्राम नन्ही देवरी का जहां पर आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते हैं लेकिन वो आज भी शासन की कई जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हैं उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा हू और धूप में यहां वहां भटकना पड़ रहा है दरअसल इस नन्ही देवरी गांव के लोग पानी की तलाश में सुबह चार बजे उठकर गांव से 2 से 3 किलोमीटर दूर से पानी ला रहे हैं ग्रामवासियों का कहना है अभी तो गर्मी की शुरुआत हुई है अप्रैल मई महीने में 5 से 10 किलोमीटर दूर पानी के लिए भटकना पड़ता है तब जाकर पानी मिलता है गांव में सबसे बड़ी समस्या सिर्फ पानी की है जहां सरकार के आजादी के 76 वर्ष बाद भी इस गांव में आदिवासी समुदाय के लोग सुविधाओं से वंचित हैं।

### गांव के लोगों की मांग- हमें भी मिले सतधरु योजना का लाभ

वहीं नन्ही देवरी गांव के लोगों का कहना है कि जिस तरह समय गांव में सरकार द्वारा चलाई गई नल जल योजना का लाभ हमारे गांव के लोगों को भी मिलना चाहिए हमारे गांव के साथ भेदभाव किया जा रहा है जो गलत है अगर गर्मी तक गांव में सतधरु योजना की पाइपलाइन नहीं डाली जाती है गांव में नल कनेक्शन कर पानी नहीं दिया जाता है तो शासन प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी

### इनका कहना है

इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच मलखान सिंह यादव का कहना है सतधरु योजना के अधिकारियों को कई बार पत्र लिख चुके हैं और अवगत तक कराया जा चुका है लेकिन उन्हें द्वारा पाइपलाइन नहीं बिछाई जा रही है सिर्फ जल्द पाइपलाइन बिछाई का आश्वासन दिया जाता है।

इस संबंध में जनपद सीईओ मनीष बागरी का कहना है यह समस्या अन्य गांव में भी जहां योजना का लाभ नहीं मिल रहा है मैं नन्ही देवरी गांव में बंद पड़े हैंडपंपो का सुधार कार्य कराया जाएगा ओर नल-जल योजना के अधिकारियों को पत्र लिखकर पाइपलाइन बिछाई और कनेक्शन करने के लिए पत्र जारी करता हूं।

इस संबंध में सतधरु योजना के जिला प्रभारी मनोज राय का कहना है यह गांव योजना में नहीं था फिर से इस गांव का प्रस्ताव भोपाल भेजा गया है भोपाल से आदेश मिलते ही नन्हीं देवरी गांव पाइपलाइन बिछाई जाएगी।

### हैंडपंप पड़े बंद

नन्ही देवरी के लोग इन दिनों पानी की भीषण समस्या का सामना कर रहे हैं। भले ही गांव में हैंडपंप लगे हैं, पर वह पानी कम हवा ज्यादा फेंक रहे हैं दरअसल इस गांव में एक दर्जन से अधिक हैंडपंप लगे हुए हैं लेकिन सभी हैंडपंप बंद हालात में पड़े हैं इन हैंडपंपों का कोई सुधार कार्य नहीं कराया जा रहा है जबकि हर गांव में लगे हैंडपंपों का सुधार कार्य पीएचई विभाग द्वारा कराया जाना है लेकिन पीएचई विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता है जिसके कारण कई गांव में हैंडपंप बंद पड़े हैं नन्ही देवरी गांव के लोगों का कहना है कि पीएचई विभाग के द्वारा अगर इन हैंडपंपों का सुधार कार्य करा दिया जाता है तो लोगों को कुछ पानी की समस्या से निजात मिल सकता है

## हिरदेपुर के मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण होगाः कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के साथ आज समाजसेवियों ने केंद्रीय विद्यालय के सामने वार्ड क्रमांक 9 एवं हिरदेपुर शमशान घाट में सफाई अभियान चलाया और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज 36 वे सप्ताह में केंद्रीय विद्यालय के सामने और मुक्तिधाम दो जगह सफाई हुई है, यहां पर सभी वार्ड वासियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी की। हिरदेपुर के मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण होना है, वार्ड वासियों से कहा है, इसका प्लान करिए जन सहयोग से इसके लिए राशि दिलवाएंगे, प्रयास करेंगे की दो-तीन माह के अंदर इस शमशान घाट की पूरी तस्वीर बदल जाये। यहां के वार्ड वासियों ने संकल्प लिया है इसको तैयार करेंगे।उन्होंने कहा सफाई कर्मचारियो और सुपरवाइजर ने एक संकल्प लिया है की हर शनिवार को वीआईपी रोड पर स्वच्छता का अभियान चलाएंगे, यह वाकई में अनुकरणीय और प्रशंसनीय पहल है, इसके लिए नगर पालिका की टीम को कलेक्टर ने बधाई दी। नगर पालिका के कर्मचारियों ने यह संकल्प स्वेच्छा से लिया है, यह जिले की स्वच्छता को लेकर बड़ा कदम साबित होगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा स्वच्छता योद्धा हरीश पटेल हर स्वच्छता अभियान में आते हैं, वह मुंबई में सिनेमैटोग्राफर है, उन्होंने स्वच्छता पर अपने खर्चे से एक गीत बनाया है ₹मत करो ना यार₹ आने वाले हफ्ते में इसकी लॉन्चिंग जनप्रतिनिधिगणो और गणमान्य नागरिकों के बीच में होगी, यह गाना इस बार की स्वच्छता का हमारा थीम सॉन्ग बनेगा और यह गाना गली-गली में गूंजेगा और हम सभी को स्वच्छता के लिए जागरूक करेगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा नगर की तीन कॉलोनी में जन सहयोग से पार्क डेवलप किए हैं, इसी प्रकार अन्य कॉलोनीवासी जगह चिन्हांकित करें, सरकारी जमीन खाली पड़ी होनी चाहिए, उस जमीन पर फेंसिंग लगवाने और बेचेस लगवाने का काम जन सहयोग से किया जाएगा, बाकी पौधे लगाने का काम कॉलोनीवासी करेंगे। उन्होंने कहा ऐसी जमीन हमें बताइए, वह जमीन पार्क के लिए देने की अनुमति देंगे, वह पार्क बच्चों के लिए और सभी के लिए उपयोगी बने, वहां पर समिति वृक्षारोपण करवाये। एक मॉडल हम यहां पर विकसित करना चाह रहे हैं, जो लोग भी इसमें आगे आएंगे उसके लिए हम पूरा सहयोग करेंगे।

## पारिवारिक कारणों से पति-पत्नी ने खाया जहर

**दमोह।** दमोह के थाना मडियादो क्षेत्र में पारिवारिक कारणों से पति-पत्नी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 01-03-2025 को दोपहर 03:36 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल मडियादो थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक निशांत कुमार एवं पायलेट नीरज अहिरवार ने मौके पर पहुँचकर बताया कि पारिवारिक कारणों से पति -पत्नी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिन्हें तत्काल डायल-112/100 जवानों ने एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर शासकीय अस्पताल हटा में भर्ती करवाया। जहां पीड़ति पति -पत्नी का उपचार किया जा रहा है ।

## चारे, भूसा, आदि का जिले से बाहर निर्यात पर तत्काल प्रभाव से 30 जून तक प्रतिबंधः कलेक्टर

**दमोह।** जिले से भूसे का परिवहन अन्य जिलों में किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में भूसे की कमी के साथ दामों में वृद्धि भी देखने मिलेगी, इसी उद्देश्य के मद्देनजर मध्य प्रदेश चारा (नियंत्रण) आदेश 2000 में निहित प्रावधानों के तहत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने पशु आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारे, घास, भूसा, कड़वी (ज्वार के डंठल) पैरा (धान के डंठल) आदि को जिला दमोह के बाहर सीमावर्ती जिलों में निर्यात तत्काल प्रभाव से 30 जून 2025 तक प्रतिबंधित कर दिया हैं। राज्य शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्रालय भोपाल के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में पशु चारा एवं भूसा की कमी की आशंका को दृष्टिगत रखते हुये पशुओं को पर्याप्त मात्रा में चारा भूसा की आपूर्ति बनाये रखने हेतु जिले के सीमावर्ती जिलो में पशु चारे भूसे के निर्यात को प्रतिबंधित किया गया था। आदेश में कहा गया है कोई भी कृषक, व्यापारी, निर्यातक व्यक्ति किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित पशु चारा एवं भूसा का परिवहन किसी वाहन, नाव, मोटर, रेल या किसी भी यान द्वारा दमोह जिले के बाहर अन्य जिले में संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड मजिस्ट्रेट की अनुज्ञा के बिना निर्यात नहीं करेगा। अवैध रूप से परिवहन करते पाये जाने पर जप्तशुदा भूसा को संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड मजिस्ट्रेट नियमानुसार राजसात की कार्यवाही करते हुये नजदीकी शासकीय/अशासकीय गौशाला में भण्डारित करायेंगे। आदेश के क्रियान्वयन हेतु असाधारण राजपत्र में प्रकाशित मध्यप्रदेश चारा (निर्यात नियंत्रण) आदेश, 2000 की कंडिका-05(1) में वर्णित प्रावधान अनुसार अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु तत्काल प्रभाव से संबंधित तहसील क्षेत्र के नायब तहसीलदार एवं संबंधित थाना क्षेत्र के सहायक उप-निरीक्षक को नियुक्त किया गया हैं। उन्होंने कहा संबंधित अधिकारी उक्तानुसार बिन्दुओं पर जांच करेगें तथा आदेश के उल्लंघन से संबंधित प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किये जाना सुनिश्चित करेंगे। जारी आदेशानूसार किसी नाव, मोटर या किसी अन्य यान या पात्र, जो पशु चारे के निर्यात के लिये उपयोग में लाया गया हो या उपयोग में लाए जाने के लिये समर्थ हो को रोक सकेगा तथा तलाशी ले सकेगा या रोकने और तलाशी लेने के लिये किसी व्यक्ति को प्राधिकृत कर सकेगा। किसी स्थान में प्रवेश कर सकेगा, और तलाशी ले सकेगा तथा किसी व्यक्ति को प्रवेश करने और तलाशी लेने के लिये प्राधिकृत कर सकेगा।

## ग्वारी गांव में भालू ने किया बच्चे पर हमला

### एक दिन में दो स्थानों टाइगर रिजर्व के भालूओं ने किया हमला

**तेन्दूखेड़ा।** बाघों सहित जंगल जानवरों से आबाद वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व जहां एक ओर बाघों की संख्या बढ़ रही और अन्य जानवरों की भी तो वही टाइगर रिजर्व के जानवर अब जंगल से बाहर निकलकर लोगों पर हमला करने लगे हैं। जहां टाइगर रिजर्व के जंगल की सीमा से लगे ग्रामों में दहशत का माहौल बना रहता है टाइगर रिजर्व में शनिवार को दो स्थानों पर भालूओं द्वारा हमला कर लोगों को घायल कर देने के मामले सामने आए थे जिसमें एक घटना दोपहर में वक्त हुई तो दूसरी घटना शाम को हुई है। इन घटनाओं के बाद लोगों में दहशत बनी हुई है और अब लोग टाइगर रिजर्व से सटे जंगल की और जाने से कतराने लगे है और वन अमला लोगों को टाइगर रिजर्व की और नहीं जाने जागरूक भी कर रहा है। शनिवार की शाम 5 बजे टाइगर रिजर्व के झापन रेंज की सोमखेड़ा बीट व इमलिया चौकी के अंतर्गत आने वाले वाले ग्राम ग्वारी गांव के पास एक किशोर को एक भालू ने हमला कर दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें परिजनों इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया कि घायल किशोर प्रहलाद पिता साहब यादव उम्र 14 वर्ष निवासी ग्वारी शाम को पांच बजे के आसपास घर से जब खेत रखाने के लिए जा रहा था। तभी खेत के पास पीछे से आकर भालू ने हमला कर दिया, जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना दमोह वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ईश्वर जरांडे लगते ही दमोह रेंजर विक्रम चौधरी और स्टाफ के द्वारा जिला अस्पताल पहुंचकर किशोर को तत्कालीन आर्थिक राशि देकर बेहतर उपचार कराने की बात कही। जहां पर घायल का इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी घटना शनिवार टाइगर रिजर्व छिरारी गांव के पास हुई थी जहां राकेश रैकवार उम्र 45 वर्ष पर भी भालू ने हमला कर घायल कर दिया था। जहां किसान राकेश रैकवार अपनी गाय को तलाश खेत से कुछ दूर टाइगर रिजर्व की सीमा पर पहुंच गया था। जहां पर भालू ने हमला कर घायल कर दिया था जहां किसान का इलाज रहली स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया था। झापन रेंजर नीरज विसेन ने बताया कि ग्वारी गांव में एक बच्चे पर भालू हमला कर दिया था जिसे दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां अब युवक की हालत में सुधार है लोगों की सुरक्षा के लिए वन विभाग लगातार प्रयास कर रहा है और योजना बनाई जा रही है।

## अजब धाम वार्षिक महोत्सव में शामिल हुए मंत्री प्रहलाद पटैल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अजब धाम में चल रहे जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव का आज श्री सीताराम महायज्ञ पूर्णाहूति के साथ समापन किया गया। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण, श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल शनिवार रात अजब धाम पहुंचे। अजबधाम में दर्शन और रात्रि विश्राम के बाद आज रविवार सुबह जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव की पूर्णाहूति में शामिल हुए। मंत्री श्री पटेल ने अपने परिवार के साथ जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में 27 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ में सह-परिवार हवन-पूजन, आरती कर यज्ञशाला की परिक्रमा की और धर्म लाभ अर्जित किया।

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल और दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी अजब धाम पहुंचकर जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव की पूर्णाहूति में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा श्री सीताराम महायज्ञ 20 फरवरी से चालू हुआ था 2 मार्च को इसका समापन हुआ है, पूरे क्षेत्र का माहौल धार्मिक बना रहा, आयोजन में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे है और धार्मिक आयोजनों का लाभ भी लिया हैं। यहां पर ऐसे ही धार्मिक आयोजन समय-समय पर होते रहे जिससे लोगों में धर्म के प्रति आस्था बनी रहे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस दौरान हटा विधायक उमादेवी खटीक, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, अरुण तिवारी, शिवचरण पटेल, गोपाल पटेल, लक्ष्मण तिवारी, शैलेश पटेल, राघवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## गुम इंसान मासूम बालिका का नदी में मिला शव

### थाना क्षेत्र के कुटरी ग्राम का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुटरी में विगत शनिवार की शाम अपने घर के पास खेल रही 04 बर्ष की बालिका अचानक गुम हो गई थी जिसकी सूचना परिजनो द्वारा हटा पुलिस को दी गई थी जहां हटा पुलिस सक्रियता से बालिका की खोजबीन में जुट गई थी जहां रविवार की सुबह बालिका का शव ग्राम से निकली नदी में उतराता हुआ मिला। जानकारी के अनुसार ग्राम कुटरी निवासी मुन्ना लाल मिश्रा की 04 वर्षीय नातिन गरिमा पांडेय जो अपनी मां के साथ नाना के यहां आई थी जहां शनिवार की शाम 5 बजे पड़ोस में खेलने गई हुई थी और देर रात तक घर वापस नहीं आई जिसकी सुचना परिजनो द्वारा पुलिस थाना हटा को दी गई। सूचना पर घटना को गंभीरता से देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी धर्मेन्द्र उपाध्याय के द्वारा पुलिस स्टॉफ के साथ ग्राम कुटरी पहुंचकर ग्राम के आसपास एवं स्थित नदी में सर्चिंग की गई सर्चिंग उपरांत रविवार की सुबह एसडीआरएफ टीम व ग्राम वासियों के सहयोग से नदी में खोजबीन की गई जहां नदी के घाट पर बालिका मृत अवस्था में पड़ी मिली। पुलिस द्वारा बालिका का पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव का पीएम सिविल अस्पताल हटा से कराया गया जहां शार्ट पीएम रिपोर्ट के माध्यम से मृत बालिका के शरीर पर गंभीर चोट के निशान नहीं पाए गये। मृतिका बालिका की मौत का स्पष्ट कारण जानने के लिए डाक्टर्स टीम द्वारा मृत बालिका के आर्गन फारेंसिक परीक्षण हेतु भेजे गए।



## पुलिस ने अवैध शराब जब्त की



**हटा।** मगरोन थाना अंतर्गत फतेहपुर चौकी के ग्राम घनश्यामपुरा पिपरिया में फतेहपुर चौकी पुलिस एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने कुद्दन पटेल पिता जुगल पटेल के घर छापामार कार्यवाही की जिनके निवास से 1 पेटी से अधिक अवैध शराब बरामद की गई। देखा जाए तो जिला कलेक्टर द्वारा अजबधाम फतेहपुर में धार्मिक आयोजन को लेकर शराब पर प्रतिबंध लगाया गया था मगर बड़े पैमाने पर कुंदन पटेल के निवास पर एक पेटी अवैध शराब के साथ कई खाली कार्टून भी बरामद किए हैं।बता दें कि भगवती मानव कल्याण संगठन सदस्यों ने फतेहपुर चौकी पुलिस को सूचना दी थी कि घनश्यामपुरा पिपरिया में फतेहपुर शराब दुकान बंद रहने के कारण बड़े पैमाने पर अवैध शराब बेचीं जा रही है जो कि पुलिस द्वारा छापामार कार्यवाही की गई एवं आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## खंबे पर लगा बोर्ड बाइक सवार पर गिरा, युवक घायल

**तेंदूखेड़ा।** नगर में बिजली खंबों पर लगे बोर्ड अब वाहन चालकों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। ये बोर्ड जर्जर होने के कारण टूटकर गिर रहे हैं। शनिवार को एक बाइक सवार पर खंबे में लगा बोर्ड टूटकर गिर गया। जिससे बाइक सवार घायल हो गया है। जानकारी अनुसार जबलपुर जिला के आधारताल निवासी सुजीत यादव शनिवार दोपहर करीब 2 बजे बाइक से मार्ग से जा रहा था तभी शासकीय हाई स्कूल के सामने अचानक से बिजली खंबे पर लगा नगर परिषद का स्वच्छता का संदेश देने वाले बोर्ड टूटकर उसके ऊपर गिर गया। जिससे बाइक सवार नीचे गिर गया और घायल हो गया। साथ ही उसकी बाइक में भी टूट-फूट हो गई। बोर्ड बाइक सवार के पैरों पर गिरा, जिससे उसके पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल ने तेंदूखेड़ा में इलाज न कराकर जबलपुर में इलाज कराने की बात कहते हुए



अपने अन्य साथियों के साथ चला गया। घटनास्थल पर मौजूद सोनू खटीक ने बताया कि नगर परिषद द्वारा लगाए गए बोर्ड सही तरीके से नहीं लगे है। जिसके कारण वह टूट कर गिर रहे हैं। यदि यह बोर्ड किसी बच्चे या फिर बाइक सवार के सिर पर गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता था। क्योंकि बोर्ड लोहे का है, जो काफी वजनदार था। नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा आमजन की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर मासूम सहित पिता, पुत्र हादसे के शिकार



### बेटा की घटनास्थल पर मौत, नाती और दादा रेफर

**दमोह।** जिले के पटेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजाबंदी थाना पटेरा के पास हुए भीषण सड़क हादसा में बाइक सवार मासूम सहित पिता, बेटा हादसे के शिकार हो गये। यह हादसा रविवार रात का बताया गया है। घटनास्थल पर ही बाइक चालक बेटा की मौत हो गई, जबकि दादा और नाती बुरी तरह घायल होने पर पटेरा अस्पताल से इलाज के लिए लाया गया जहां से उन्हे दमोह जिला अस्पताल 108 रिफर कर दिया गया। यहां भी दादा और नाती की हालत गंभीर होने पर ड्यूटी रत डॉक्टर महेश सिंह द्वारा तत्कालीन उपचार कर जबलपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि स्नेह पैतृक गांव से लौटते समय हिंडोरिया निवासी दिलीप पिता ओंकार शर्मा उम्र 38 वर्ष चालक की मौका स्थल पर मौत हो गई। जबकि दादा ओमकार पिता छोटेलाल शर्मा उम्र 65 वर्ष और नाती पियूष पिता दिलीप शर्मा उम्र 6 वर्ष निवासी हिंडोरिया की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया है। बता दें कि घटनास्थल पर हंड्रेड डायल से प्रधान आरक्षक चंद्रकांत पांडे, और प्रधान आरक्षक रूपलाल ने पहुंच कर घटनास्थल से शव को सुरक्षित रखवा दिया गया है।